# महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com

Website: www.msdsu.ac.in

पत्रांकः 7030/कु0का0/2025 दिनांक: 07/08/2025

सेवा में,

प्राचार्य/प्रबंधक,
समस्त राजकीय/अनुदानित/स्ववित्तपोषित महाविद्यालय
सम्बद्ध महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय आजमगढ़ एवं मऊ।

**विषयः— महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय की प्रवेश प्रक्रिया समर्थ पोर्टल पर पूर्ण करने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

विषयांकित संदर्भ में अवगत कराना है कि शासनादेश के अनुपालन में सत्र 2025—26 से महाविद्यालयों में छात्र—छात्राओं की प्रवेश प्रक्रिया समर्थ पोर्टल के माध्यम से संपन्न कराया जाना अनिवार्य है।
अतः उक्त के आलोक में माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया संपन्न कराने हेतु तैयार किए गए फ्लोचार्ट प्रेषित कर आपसे अनुरोध है कि अपने महाविद्यालय में सत्र 2025—26 में प्रवेशित समस्त छात्र—छात्राओं का डाटा दिए गए निर्देशानुसार (संलग्न फ्लो चार्ट) निर्धारित समय दिनांक 18.08.2025 तक समर्थ पोर्टल पर ऑन बोर्ड करना सुनिश्चित करें।

अतः जिन महाविद्यालयों के समर्थ पोर्टल पर प्रवेश प्रक्रिया सम्बन्धी अथवा समर्थ पोर्टल पर लॉग इन करने में समस्या हो अथवा प्रवेश संबंधित कठिनाई हो वे महाविद्यालय दिनांक 11.08.2025 समय 01:00 pm पर विश्वविद्यालय के सेमिनार हॉल में उपस्थित हो। यदि समर्थ पोर्टल पर महाविद्यालयो द्वारा प्रवेश प्रक्रिया समय से पूर्ण नही की गई तो उनके छात्रों का प्रवेश पूर्ण नही माना जायेगा और इसके लिए महाविद्यालय स्वयं उत्तरदायी होंगे।

कुलसचिव

प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. डॉ० दिलीप वर्मा, नोडल, समर्थ को कार्यशाला आयोजन के लिए आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. समस्त प्राचार्य/प्रबंधक महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय आजमगढ़ से सम्बद्ध राजकीय/अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालय।
4. मीडिया प्रभारी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कराते हुए प्रचारित—प्रसारित कराना सुनिश्चित करें।
5. प्रभारी एजेंसी को साइट पर अपलोड करने के लिए।
6. सहायक कुलसचिव।

कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner